खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

मेरा श्याम प्यारा, हारे का सहारा,
मेरा श्याम प्यारा, हारे का सहारा।

खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार,
तेरे भवन पे बाबा मिले सबको प्यार,
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार।

शीश का दानी तू है हारे का सहारा है,
मेरी मझधार का बाबा तू किनारा है.....-2
हाथ में तेरे बाबा मेरी पतवार,
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार।

लीले पे सवार होक आजा एक बार तू,
मेरे घर में आके बाबा कर उपकार तू....-2
पलके बिछा के बाबा करूँ इंतज़ार,
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार।

तूने दिया है बाबा तेरा ये प्यार है,
तेरे भरोसे बाबा मेरा परिवार है.....-2
दीपक भी तेरे दर पे आये बार बार,
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार,
तेरे भवन पे बाबा मिले सबको प्यार,
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23733/title/khatuwale-shyam-teri-jai-jaikar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |